ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA
Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008.
Mithapur, Patna – 800 001
Phone No.:0612-2351919, Email-akuniv10@gmail.com, Website: www.akubihar.ac.in

प्रेस विज्ञप्ति

मोनाश यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित त्रीदिवसीय साइबर सुरक्षा कार्यशाला में माननीय कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की भागीदारी

पटना (अप्रैल 8, 2024): आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो॰ शरद कुमार यादव ने आज ऑनलाइन माध्यम से ऑस्ट्रेलिया के मोनाश यूनिवर्सिटी में आयोजित त्रीदिवसीय कार्यशाला में भाग लिया तथा "Combating Child Sexual Abuse Material :A Call to Action" शीर्षक पर प्रस्तुति दी। विदित हो की दिनांक 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक यह कार्यशाला जिसका शीर्षक "Fight Against Online Child Exploitation" है, आयोजित किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय की प्रमुख रूप से सहभागिता है|

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को जनवरी 2024 में बिहार में साइबर सुरक्षा पहल पर नॉलेज पार्टनर के लिए यूनिसेफ, बिहार से प्रस्ताव प्राप्त हुआ था| Artificial Intelligence (AI) for Law Enforcement and Community Safety (AiLECS) लैब, मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के द्वारा 85% से अधिक सटीकता के साथ ऑनलाइन बाल यौन दुर्व्यवहार सामग्री (CSAM) का पता लगाने और उसका परीक्षण करने के लिए एक AI आधारित प्रणाली विकसित की गई है। यूनिसेफ के द्वारा साइबर पीस फाउंडेशन और मोनाश यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया के साझेदारी में साइबर सुरक्षा और CSAM पर कार्य करने का पहल किया गया है। इस साझेदारी के माध्यम से AiLECS लैब, मोनाश यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया द्वारा विकसित तकनीक सीखने और इसे बिहार में पायलट प्रोजेक्ट के साथ भारत के संदर्भ में अनुकूलित करने और सफल पायलट प्रोजेक्ट के बाद भारत के अन्य राज्यों में इसको लागू करने की परिकल्पना की गई है।

साइबर सुरक्षा के इस प्रयास में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय ने साझेदारी के तहत कई तरह से भाग लेने का निर्णय लिया है जिसमें विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन की तरफ से "Cybersecurity for Adolescents" शीर्षक एक सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किया जाएगा तथा इस क्षेत्र में कई तरह के प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे| इस प्रोजेक्ट में बिहार पुलिस का साइबर अपराध शाखा, IIT, Patna चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी तथा बीआईटी मेसरा, पटना भी कार्यान्वयन, प्रशिक्षण, अनुसंधान, कानूनी जागरूकता के लिए भागीदार तथा नॉलेज पार्टनर होंगे|

प्रस्तावित साझेदारी में प्रौद्योगिकी को समझने और सीखने के लिए मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया में एक शिक्षण दौरा किया जा रहा है जिसमें बिहार का प्रतिनिधिमंडल शामिल है| इसके पश्चात ऑस्ट्रेलियाई प्रतिनिधिमंडल के हितधारकों के द्वारा परामर्श के माध्यम से भारतीय संदर्भ - मुद्दों, साइबर सुरक्षा, सीएसएएम पर चिंताओं को समझने और भारत में इस अत्याधुनिक तकनीक को अपनाने, परीक्षण करने और स्केल-अप करने में उनके साथ काम करने के लिए भारत का दौरा भी किया जाएगा ।

इस परियोजना के तहत पहली कार्यशाला 08 से 10 अप्रैल, 2024 तक मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में मोनाश विश्वविद्यालय में हो रही है।

कार्यशाला का समग्र लक्ष्य बाल शोषण की तकनीकी रोकथाम, ऑस्ट्रेलिया और भारत में संबंधित कानून प्रवर्तन पहलों की वर्तमान स्थिति को समझना और इस क्षेत्र में अनुसंधान सूचित नवाचार के साझेदारी मॉडल का पता लगाना है।

AiLECS लैब, मोनाश यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रोफेसर कैंपबेल विल्सन, सह-निदेशक, ऐ-लिन सू, संचालन प्रबंधक तथा प्रोफेसर जॉन राउज़ कार्यशाला में शामिल हैं|




Zoom Meeting
View
SOE-US-AVCLocalUser
V.C. AKU (Prof. Sharad Kumar Yadav)
asoo0002
asoo0002
bsarkar
bsarkar
Kelly Humphries
Kelly Humphries
Richa Tigga
Richa Tigga
Unmute
Stop Video
Participants
Q&A
Chat
Share Screen
Record
Show Captions
Reactions
Apps
Notes
Leave
Type here to search
ENG
IN
12:07 PM
4/8/2024